





# व्यापार चमकाने के लिए इंसानों की जिन्दगियों से खेल रहे व्यापारी, विभाग मौन

## मिलावटी खाद्य पदार्थ के रूप में बेच रहे मौत, व्यापारियों का ध्येय कम लागत में अधिक मुनाफा

नवभारत न्यूज

**पन्ना 6 सितंबर। समाज में लालच और महत्वकांक्षा के बुखार ने धन के आगे जनजीवन को नगण्य एवं महत्वविहीन बना दिया है। व्यापार की आड़ में इंसानी जिन्दगियों का सौदा करने वाले लोग बेरहमी की पराकाष्ठा को पार कर चुके हैं। इस लालची एवं धन लौलुप द्वारा जनता के शोषण का सिलसिला जारी है ये लोग मिलावटी खाद्य पदार्थ के रूप में मौत बैच रहे हैं। व्यापारियों का ध्येय कम लागत व अधिक मुनाफा से बढ़ कर कुछ नहीं है। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार यह संकेत उस व्यापारी वर्ग के लिए है जो उत्पादों में मिलावट करके बहुत जल्दी धनपति बनने की कोशिश में जुटे है।**

मुख्य रूप से खाद्य समाग्री के मिलावट करने का कार्य ये मिलावटी कम पूंजी लगाकर अधिक मुनाफा कमाने की चाह में ही की जाती है। व्यापारियों की धनोपार्जन की अभिलाषा पूरी होती है या नहीं मगर इनसे खरीदी गई सामग्री से जनता जर्नादन के स्वास्थ्य पर क्या प्रभाव पड़ता है इसका जीता जागता सबूत प्राथमिक केन्द्रों, प्राईवेट अस्पतालों एवं डॉक्टरों के क्लीनिक में देखने को मिल जाता है। बीमारी के आंकड़ों में दिन प्रतिदिन इजाफा होता जा रहा है। जिसमें से तमाम् बीमारियां तो दूषित खाद्य सामग्री से बनाये गये पदार्थो के सेवन की वजह से उत्पन्न हो रही है। जैसे पित्ताशय की पथरी गुर्दे की पथरी, पेंचिश, कालरा, पीलिया इत्यादि जान लेवा बीमारियां। जिले में मिलावटी खाद्य पदार्थों के सेवन से जहां एक ओर जन सामान्य को स्वास्थ्य की हानी उठानी पड़ रही है। वहीं इन सामग्रियों की बिक्री बड़े जोरों पर है। अधिक धनोपार्जन करने के लिये इस अमानवीय कृत्य के चलते अधिकांश दुकानदार उसको आसानी से बेंच लिया करते हैं और जरूरत मंद लोग इसे द्वारा सहज ही ठगे जाते है। संबंधित विभाग की सुस्त व्यवस्था के चलते मिलावटी खाद्य पदार्थ बेंचने वाला व्यापारी वर्ग मालामाल होता जा रहा है। चूंकि इनके ऊपर अभी तक कोई अंकुश नहीं लगाया गया इस कारण इनके हौंसले काफी बुलंद है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मिलावट का कार्य ये लोग छोटी-छोटी खाद्य सामग्री में करते हैं।

एक ओर जहां मिलावटी खाद्य सामग्री को बेंचने की बाढ़ सी आ गई है वही सरसों के तेल एवें देशी घी मे मिलावट का कार्य प्रगति पर चल रहा है। सरसों के तेल को तमाम प्रकार के अन्य तेल मिलाकर बिक्री किया जा रहा है। परंतु वो इस बात से बिल्कुल बेखबर है कि इस तरह के तेल और घी को खाकर भयानक रोगों का शिकार होते जा रहे हैं जो कि जन सामान्य के लिये जानलेवा साबित हो सकता है। सामान्यत: जन साधारण इस मिलावट को आसानी से पकड़ नहीं पाते हैं और इस तरह दूषित खाद्य सामग्री को खरीदते एवं खाते-पीते रहते है परिणामस्वरूप गंभीर एवं जानलेवा बीमारी का शिकार हो जाते है इस खाद्य सामग्रियों की बिक्री शहर तक ही सीमित नहीं है बल्कि गांव देहात में भी जोरों पर जारी है।

इस मिलावटी खाद्य सामग्री से जो दुष्परिणाम सामने आ रहे हैं उनको रोकने के लिये जिला स्वास्थ्य अधिकारी एवं जिला प्रशासन का ध्यान अपेक्षित है।

### प्रशासन की निष्क्रियता शर्मनाक है

जो दैनिक उपभोग की मूलभूत वस्तुएं हैं जैसे-बेसन, आटा, चांवल, दाल, गेंहू, हल्दी, धनिया, मिर्चा, सरसों का तेल, एवं देशी घी इत्यादि। कभी-कभी पैसे के अभाव में कोई गरीब व्यक्ति इलाज करवाने में अस्मर्थ रहता है तो उसे जान तक गवानी पड़ती है। लेकिन अवैध रास्ते से ज्यादा धन कमाने की मानसिक विकृति वाले दुकानदार कभी यह सोचने की जहमत नही उठाते हैं कि कंकड युक्त सामग्री खाकर लोगों का ये हाल भी हो सकता है। इन दुकानदारों द्वारा खुले आम मिलावट करके बेंची जा रही दैनिक आवश्यकताओं वाल खाद्य सामग्री की बिक्री पर यदि समय रहते आवश्यक कार्यवाही नहीं की गई तो स्थिति दिन पर दिन दयनीय होती जायेगी।

# अजयगढ़ में निकला जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी का जलसा



नवभारत न्यूज

**अजयगढ़/पन्ना 6 सितंबर। मुस्लिमो के द्वारा 12 रविउलअव्वल को हुजूर पाक मोहम्मद सल्ललाहो अलैहि वसल्लम की यौमें पैदाइस के अवसर पर जश्न मनाते हुए नगर में जसला निकाल कर खुसिया मनाते है। इसी के तहत आज जश्ने ईद मिलादुन्नवी का जलसा अजयगढ़ में अपनी शानो शौकत से निकाला गया।**

पहले शांति नगर से जलसा जामा मस्जिद पहुंचा इसके उपरांत नूरी मस्जिद से जलसा बड़ी दरगाह पहुंचा हजरत रमजान शाह बाबा की बारगाह में सलाम अर्ज कर मुख्य जलसे का आगाज जामा मस्जिद से हुआ जो पुराना बस स्टैंड से बुद्धू चैराहा से तहसील से खोय मोहल्ला पहुंचा। फिर बाद नमाज मगरिब नूरी से सिकलीगर मोहल्ला से पैलेस रोड पुराना बस स्टैंड होते हुए हजरत रमजान शाह की बाबा की मजार में समाप्त हुआ जलसा में मशीन के द्वारा फूलों को बरसाया गया। इस दौरान मस्जिद इमाम हारून रजा साहब हाफिज रऊफ साहब मौलाना मोहब्बत खान व तालिबे इल्म युवाओं ने हुजूर पाक सल्ललाहो अलैहि वसल्लम की तारीफ में नात पाक पड़कर जश्न मनाया उक्त जलसे में काबा शरीफ,मदीना शरीफ, मस्जिदे अक्सा व ख्वाजा गरीब नवाज के रोजा सहित मौला अली की तलवार का अक्स ने जलसे को रौनक बक्सी। देश मे अमन चैन आपसी भाईचारा की दुआ मांगी गई जलसे का समापन लंगर वितरित उपरांत पूरा हुआ।जामा मस्जिद के सदर मोहम्मद नसीर, नूरी मस्जिद के सदर रिजवान खान, कब्रिस्तान मस्जिद के सदर रहीश सौदागर के द्वारा उक्त जलसे को कामयाब बनाने बाले अजयगढ के तमाम लोगो सहित शासन प्रशासन का शुक्रिया अदा किया।

# मुख्यमंत्री ने जल जीवन मिशन अंतर्गत पंचायतों को किया सम्मानित

नवभारत न्यूज

**पन्ना 6 सितंबर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गत दिवस अमानगंज प्रवास के दौरान आयोजित महिला सम्मेलन एवं विकास कार्यों के भूमिपूजन और लोकार्पण कार्यक्रम में जल जीवन मिशन अंतर्गत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली ग्राम पंचायतों को सम्मानित किया।**




मुख्यमंत्री ने शाहनगर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत तिदुनी एवं रामगढ़ को नल जल योजना के क्रियान्वयन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर सम्मानित किया। तिदुनी की सरपंच प्रेमसूता रविंद्र मिश्रा एवं सचिव अजय त्रिसोलिया ने व रामगढ़ की सरपंच शांति बाई चैधरी एवं सचिव राघवेंद्र सिंह यादव ने सम्मान ग्रहण किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि पवई बांध ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना में सक्रिय भागीदारी और जिम्मेदारी के साथ सफल संचालन एवं संधारण करने के साथ नियमित जल कर एकत्र करके योजनाओं को सफल बनाने वाले जनप्रतिनिधि समाज के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं।

उन्होंने उम्मीद व्यक्त की कि अन्य ग्राम पंचायतें भी इससे प्रेरणा लेकर योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में अपना योगदान देंगी। इस गरिमामय आयोजन से पंचायत प्रतिनिधियों का उत्साह भी बढ़ा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने परियोजना क्रियान्वयन इकाई पन्ना द्वारा जल जीवन मिशन के कार्यों पर केन्द्रित आकर्षक प्रदर्शनी की भी सराहना की और स्टॉल का अवलोकन किया। इस मौके पर महाप्रबंधक शिवम सिन्हा सहित जल निगम की टीम भी उपस्थित रही।

# आध्यात्मिक शिक्षा से होता है विवेक जागृत : ब्रह्माकुमारी

नवभारत न्यूज

**पन्ना 6 सितंबर। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय पन्ना की ओर से शिक्षक दिवस के अवसर पर पवई ब्रह्माकुमारी विद्यालय में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ब्रह्माकुमारी बहन ने सभी को शिक्षक दिवस की शुभकामना देते हुए आज के महत्व पर प्रकाश डाला आपने कहा गुरु का अर्थ जो हमें गौरव प्रदान करें टीचर हमारी दूसरी मां है।**



जीवन में उत्तम विचार भरने वाला उत्तम संकल्पों के साथ जीना सिखाने वाला अध्यापक ही हो सकता है इसलिए इंजीनियर कितने भी पैसे कमा सकते परंतु किसी का भाग खोलने का कार्य तो शिक्षक ही कर सकता है आचार्य देवो भव: कहा गया है कभी कलेक्टर देवो भव, डॉक्टर देवो भव: नहीं कहा गया क्योंकि आचार्य अपने आचरण से जीवन मूल्य देता है, शिक्षा से व्यक्ति के व्यवहार में परिवर्तन होता है अंग्रेजी में कहते हैं कैरक्टर बिल्डिंग जैसे बिल्डिंग बनानी होती है उसके लिए साधन चाहिए इस प्रकार विद्यार्थी को भी दो चीज देते हैं एक साधन है किताबें दूसरा साधन है उनका अभ्यास कर्म दोनों चीजें सैकड़ो वर्षो से हैं परंतु यह कमजोर साधन निकले बिल्डिंग नहीं बनी आज हजारों साक्षर निकलते हैं बताइए मात-पिता, देश, समाज के लिए कितने ईमानदार हैं ? आप सभी के लिए यह परम सौभाग्य की बात है कि सर्व मनुष्य आत्माओं के परम शिक्षक ज्योति बिंदु परमात्मा शिव इस धरा पर साधारण मनुष्य के तन में अवतरित होकर श्रेष्ठ ज्ञान और मूल्यों की शिक्षा दे रहे हैं परम शिक्षक द्वारा वर्तमान समय में दिया जा रहा आध्यात्मिक ज्ञान मनुष्य की अंतर आत्मा में व्याप्त अज्ञानता के अंधकार को समाप्त करके आंतरिक रूप से सशक्त करने में समर्थ है, हमारे जीवन में यथार्थ ज्ञान के अभाव में सभी समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं परमात्मा द्वारा दिया जा रहा मूल्य शिक्षा और आध्यात्मिक ज्ञान हम सभी के लिए इस धरा पर अनुपम उपहार है आध्यात्मिक शिक्षा व्यक्ति को प्रभावशाली और मूल्य निष्ठ बनाती है जिससे वह एक कर्तव्यनिष्ठ बनकर समाज एवं राष्ट्र के उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने में सक्षम होता है।

# प्रेमी युगल ने फांसी पर लटक कर की आत्महत्या

पन्ना 6 सितंबर। सिमरिया थाना अंतर्गत एक युवक-युवती ने जंगल मे पेड़ पर फांसी लगाकर आत्म हत्या करने का मामला प्रकाश मे आया है। हासिल जानकारी के अनुसार ग्राम महोड़ निवासी कुमारी निराशा दहायत उम्र 21 वर्ष तथा रमेश दहायत उम्र लगभग 24 वर्ष निवासी भड़पुरा जो दोनो एक साथ 4 सितंबर से लापता थे जिनके परिजन कल 5 सितंबर को थाने मे सूचना देने आये और कुछ देर बाद ही पता चला कि एक युवक युवती महोड़ के जंगल मे एक पेड़ से फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली है। पुलिस ने सूचना पाते ही मौंके पर जाकर तस्दीक की है तो वही लापता युवक युवती का शव पाया गया। ज्ञात हो कि मृतक युवक रमेश अपनी बहिन के यहां महोड़ मे आता जाता रहता था और मृतिका निराशा दहायत उसकी बहिन की ननद थी उक्त घटना को लेकर तरह तरह की घटनाओं का बाजार गर्म है।




# अमानगंज में ब्लॉक मुख्यालय की घोषणा से खुशी की लहर

नवभारत न्यूज

**अमानगंज/पन्ना 6 सितंबर। अमानगंज पन्ना जिले के गुनौर विधानसभा के नगर परिषद अमानगंज की धरती पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने महिला सम्मेलन में करोड़ों रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन तथा अनेक उप स्वास्थ्य केंद्र खोलने अस्पताल का उन्नयन महाविद्यालय की स्थापना शासकीय महाविद्यालय में नवीन संकाय प्रारंभ स्कूल उन्नयन की घोषणा की।**

अमानगंज में विकासखंड बनाए जाने तथा अमानगंज में स्थाई हेलीपैड इसी जगह बनाए जाने की घोषणा सुनते ही तालिया की गड़गड़ाहट मंच में समीप बैठे महिला एवं पुरुषों द्वारा की गई अमानगंज एवं अमानगंज के लोगों आस पास के ग्रामीण जनों को विकासखंड की सौगात अमानगंज की धरती से मिली जिसकी भूरी भूरी प्रशंसा चारों तरफ हो रही है अब लोगों को इसकी उम्मीद है कि अमानगंज विधानसभा क्षेत्र था जो विधानसभा गुनौर हो गई अब उम्मीद की नई किरण जगी है अमानगंज की भूमि पर मुख्यमंत्री का आगमन बड़ी सौगाते लेकर आया लोगों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा पन्ना में मेडिकल कॉलेज शीघ्र ही होगा लाडली बहनों की राशि बढ़ाने से खुशी है अमानगंज विकासखंड होगा लोगो मे खुशी जाहिर हो रही है।

# जिला चिकित्सालय की हालत बदतर

## सत्तापक्ष विपक्ष व जिला प्रशासन का उदासीन रवैया

नवभारत न्यूज

**पन्ना 6 सितंबर। जिला चिकित्सालय पन्ना की व्यवस्थाएं बदतर हैं। जहां एक ओर चारों तरफ जिला चिकित्सालय तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा भवनों का निर्माण किया जा रहा है तथा जिला चिकित्सालयों को 2 सौ बेड से बढ़ाकर 3 सौ बेड कर दिये गये है तथा 3 करोड से अधिक की राशि से ट्रामा सेंटर तैयार कर उसका लोकार्पण भी कर दिया गया है। जिले में डॉक्टरों की भारी कमी है।**

जिले में मात्र एक मात्र एक शासकीय जिला चिकित्साय स्थित है तथा इसी जिला चिकित्सालय के ऊपर जिले के 10 लाख से अधिक लोगों के इलाज की जिम्मेवारी है। जिले भर में स्वास्थ्य केंद्रों की बिल्डिंगें बनती जा रही हैं परंतु डॉक्टर न होने के चलते बुरी स्थिति है। इसके अलावा जितने डॉक्टर पदस्थ हैं उनमें भी कुछ बीमार हो कर छुट्टी लिए हुए हैं। प्रदेश भर में डॉक्टरों की कमी के चलते सरकार भी अधिक दबाव बनाने की स्थिति में नहीं है जिसका नाजायज फायदा पन्ना जिला चिकित्सालय के डॉक्टर उठाने में लगे हैं एवं मनमर्जी पूर्वक चल रहे हैं। पन्ना जिला चिकित्सालय के अनेक विभागों में डॉक्टर पदस्थ नहीं तथा पद खाली हैं। इस प्रकार जिला चिकित्सालय की स्थिति बद से बदतर हो गई है। दूसरी ओर ट्रामा सेंटर का लोकार्पण होने के बाद वहां के अतिरिक्त डॉक्टर न होने से सुचारू रूप से संचालित नहीं हो पा रहा है। इस प्रकार की स्थिति जिले में बनी हुई है। जिला चिकित्सालय में डॉक्टर नहीं है तो ट्रामा सेंटर मे डॉक्टर तथा स्टाप कहां से आयेगा। यह बहुत ही विचारणीय तथा गंभीर विषय है। आजादी के 78 साल बाद भी जिला मुख्यालय की जब यह स्थिति है तो जिले के दूरस्थ क्षेत्रों की स्थिति क्या होगी जिस बात का अंदाजा उक्त स्थिति से लगाया जा सकता है। जिले के दर्जनों उपस्वास्थ्य केंद्रों के भवन लाखों रूपये की लागत से बने हुए हैं। लेकिन उनमें ताले लटक रहे हैं।

स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति बहुत ही बदतर है। जिले की स्वास्थ्य सुविधाएं कब सुधरेंगी यह एक बड़ा प्रश्न उठ खड़ा हुआ है। सरकार द्वारा स्वास्थ्य विभाग को भारी भरकम बजट दिया गया जाता है। लेकिन लोगों को इलाज नहीं मिल पा रहा है क्योंकि चिकित्सकों का भारी अभाव है। इसके अतिरिक्त जिला चिकित्सालय द्वारा घटिया दवाओं को क्रय किया जाकर लंबा कमीशन खाया जा रहा है।



# आशा कार्यक्रम को मिला छठवां स्थान उप मुख्यमंत्री ने किया पुरस्कृत

## डॉ. संजय कुमार एवं आशा कार्यकर्ता बैजन सम्मानित

नवभारत न्यूज

**पन्ना 6 सितंबर। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश प्रसाद तिवारी ने बताया कि पन्ना जिले ने आशा कार्यक्रम अंतर्गत मोबाईल अकादमी पाठ्यक्रम में शत-प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त कर पूरे प्रदेश में छठवां स्थान हासिल किया है।**

भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं मंत्री, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग म.प्र. शासन राजेन्द्र शुक्ल के द्वारा प्रभारी डीसीएम डॉ संजय कुमार अहिरवार एवं विकासखंड पवई की आशा कार्यकर्ता बैजन पटेल को प्रशस्ती पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश प्रसाद तिवारी ने कहा कि जिले को प्राप्त यह उपलब्धि गर्व की बात है।

उन्होंने डीसीएम डॉ संजय कुमार एवं आशा कार्यकर्त्ता बैजन पटेल को हार्दिक बधाई प्रेषित की है उन्होंने कहा कि डीसीएम ने आशा कार्य कर्ताओं को यह कोर्स शत-प्रतिशत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है आशा की आप ईसी प्रकार जिम्मेदारियो का निर्वाहन कर सभी स्वास्थ्य कार्यक्रम में शत-प्रतिशत उपलब्धियां प्राप्त करेगे।

# शराब के नशे में बस-ट्रक चलाने वाले वाहनों को किया गया जब्त

नवभारत न्यूज

**पन्ना 6 सितंबर। पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्णा एस थोटा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना के दिशा निर्देशन में थाना प्रभारी यातायात निरीक्षक नीलम लक्षकार द्वारा सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए शराब के नशे में वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्यवाही की गयी है।**



जिसमें आज दिनांक 06 सितम्बर को दौरान वाहन चैकिंग के परिवहन बसों/भारी माल वाहनों की सघन चैकिंग की गयी, चैकिंग के दौरान संदिग्ध वाहन चालकों को ब्रीथ एनालाईजर मशीन द्वारा चेक किया, जिसमें एक ट्रक चालक एवं एक परिवहन बस चालक शराब के नशे की हालत में वाहन चलाते पाये गये, इन वाहनों को जब्त कर यातायात परिसर खड़ा किया जाकर नियमानुसार कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जायेगा।

थाना प्रभारी यातायात निरीक्षक नीलम लक्षकार का कहना है कि, शराब के नशे में वाहन चलाना एक गंभीर अपराध है और इससे कई लोगों की जान जा सकती है। इस तरह के वाहन चालकों पर सख्ती से कार्यवाही की जायेगी। हम आम जनता से अपील करते हैं कि वे शराब पीकर गाड़ी न चलाएं और दूसरों को भी ऐसा करने से रोकें।

# सफाई के अभाव में नालियां हुईं चोक

**पन्ना 6 सितंबर।** शहर के नाले-नालियों की नियमित रूप से साफ-सफाई न होने तथा उनमें पनप रहे मच्छरों को रोकने के लिये आवश्यक कीटनाशकों का छिड़काव न होने के परिणामस्वरूप मच्छरों से फैलने वाला खतरनाक मलेरिया रोग तेजी से पैर पसार रहा है। वहीं मलेरिया के साथ-साथ पीलिया ने भी शहर में दस्तक दे दी है। शहर की कई बस्तियों में पेयजल संकट के चलते तथा दूषित पानी की सप्लाई को पीलिया के लिये जिम्मेदार माना जा रहा है।

# खस्ताहाल सड़क से स्कूली बच्चे हो रहे परेशान

## जिम्मेदारों को फिक्र नहीं

नवभारत न्यूज

**पन्ना 6 सितंबर। नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत आने वाल सड़के उपेक्षा का शिकार रही हैं। जिसका खामियाजा शहर की जनता को उठाना पड़ता है। वर्तमान समय में नपा की ढुलमुल कार्यप्रणाली के चलते एक व्यवस्थित नाली की दरकार वर्षो पूर्व से की जा रही है जो कि आज दिनांक तक पूरी नहीं हो पायी।**

शहरों मे हमेशा नाली का पानी भरा रहता है। मुख्य मार्गो के वाहनों के चलने नाली की गंदगी और फैल जाती है। जिससे स्वास्थ्य पर भी असर पड़ता है। और बच्चों- बूढों का स्वास्थ्य खराब हो रहा है।

**सार्वजनिक नाली पर अतिक्रमण बना मानवअधिकार:-** नगरपालिका क्षेत्र में कई ऐसे मोहल्ले हैं जहां आज भी गंदा पानी निकासी की सुविधा ढंग से सुचारू रूप से प्रारंभ नहीं हो पायी है। जिले मे मध्यन प्रदेश शासन द्वारा आम जनमानस के हितों में बनायी गयी नीति पूरी तरह से धराशाही प्रतीत हो रही है। आश्चर्य की बात तो तब लगती है जब लोगों द्वारा सार्वजनिक नाली को बाधित कर अपना अधिकार जमाया जाता है मानों ऐसा प्रतीत होता है जैसे कि सार्वजनिक नाली पर अतिक्रमण करना मानवधिकार बन गया हो।

### अवैध अतिक्रमण बना रोड़ा

शहर के कई जगहों बाजार से लेकर गली मोहल्लों में अतिक्रमण पैर पसार कर फैला हुआ है। प्रशासन की निरंकुशता का परिणाम है कि जिले मे अतिक्रमणकारियों के हौसले दिनों दिन बुलंद होते जा रहे हैं। लोगों ने नालियों को भी अपने कब्जे में कर लिया है जिससे मार्ग दिन पर दिन संकरे होते जा रहे हैं। प्रशासन द्वारा दंडात्मक कार्यवाही न अपनाने के कारण आम जनमानस को प्रतिदिन परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

# आज इस वर्ष का आखिरी चंद्र ग्रहण, दोपहर 1 बजे से शुरू होगा सूतक काल

नवभारत न्यूज

**अमानगंज/पन्ना 6 सितंबर। यह एक पूर्ण चंद्र ग्रहण होगा और भारत में भी दिखाई देगा। यहां कुछ ज़रूरी बातें दी गई है। ग्रहण का समय ग्रहण रात 9.58 बजे शुरू होगा और 8 सितंबर की देर रात 1.26 बजे समाप्त होगा।**

**सूतक काल:-** चंद्र ग्रहण का सूतक काल ग्रहण शुरू होने से 9 घंटे पहले शुरू हो जाता है। इसलिए, सूतक कल दोपहर 12.59 बजे से शुरू हो जाएगा। इसे भारत के कई हिस्सों से देखा जा सकता है। ज्योतिष में ग्रहण का महत्व

**नकारात्मक प्रभाव:-** ज्योतिष में ग्रहण को आमतौर पर एक अशुभ घटना माना जाता है। ऐसा माना जाता है कि इस दौरान नकारात्मक ऊर्जाएं अधिक प्रभावी होती हैं।

**सूतक काल:-** ग्रहण शुरू होने से पहले सूतक काल शुरू हो जाता है। यह एक ऐसा समय होता है जब कुछ खास नियमों का पालन किया जाता है, जैसे कि भोजन न करना, पूजा न करना और कुछ खास मंत्रों का जाप करना।

**राशियों पर प्रभाव:-** ग्रहण का प्रभाव सभी 12 राशियों पर पड़ता है। कुछ राशियों के लिए यह शुभ हो सकता है, जबकि कुछ के लिए यह अशुभ माना जाता है। ग्रहण के दौरान कुछ खास उपाय करने की सलाह दी जाती है ताकि इसके नकारात्मक प्रभावों को कम किया जा सके ज्योतिषीय दृष्टिकोण से

**सूतक काल:-** ज्योतिष के अनुसार, चंद्र ग्रहण का सूतक काल ग्रहण शुरू होने से 9 घंटे पहले शुरू हो जाता है। यह सूतक काल कल दोपहर 12.59 बजे से शुरू होकर ग्रहण समाप्त होने तक रहेगा।

**क्या करें और क्या न करें:-** पंडित संदीप तिवारी ने बताया कि ग्रहण के दौरान भगवान के मंत्रों का जाप करें। ग्रहण समाप्त होने के बाद स्नान करें और गरीबों को दान दें। सूतक काल में भोजन न पकाएं और न खाएं। गर्भवती महिलाओं को घर से बाहर नहीं निकलना चाहिए और नुकीली चीजों का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए।

**राशियों पर प्रभाव:-** ज्योतिष के अनुसार, यह ग्रहण सभी 12 राशियों को अलग-अलग तरीके से प्रभावित करेगा

**शुभ प्रभाव:-** मेष, वृश्चिक, धनु और कन्या राशि के जातकों को धन लाभ, करियर में तरक्की और स्वास्थ्य में सुधार मिल सकता है।

**अशुभ प्रभाव:-** वृषभ, तुला, और कुंभ राशि वालों को स्वास्थ्य, धन या मानसिक तनाव से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। इन राशियों के जातकों को अधिक सावधान रहने की सलाह दी जाती है ज्योतिषीय दृष्टिकोण मंत्र, नियम और सावधानियाँ ज्योतिष में ग्रहण को एक महत्वपूर्ण और संवेदनशील समय माना जाता है, जिसमें आध्यात्मिक क्रियाओं से लाभ मिलता है।

**मंत्र जाप:-** ग्रहण काल में मंत्र जाप और धार्मिक पाठ करना बहुत शुभ माना जाता है। इस दौरान किए गए जाप कई गुना अधिक फल देते हैं। आप इन मंत्रों का जाप कर सकते हैं।

**गर्भवती महिलाओं के लिए नियम:-** गर्भवती महिलाओं को ग्रहण के दौरान विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है ताकि गर्भ में पल रहे शिशु पर नकारात्मक प्रभाव न पड़े।